© Eureka Journals 2022. All Rights Reserved. International Peer Reviewed Referred Journal

Shodh International: A Multidisciplinary International Journal (In Hindi)
https://www.eurekajournals.com/shodh.html
ISSN: 2581-3501

साइकोलोजिस्ट और साइकेट्रिस्ट में अंतर होता है इस के बारे में समझें

डॉ. हर्षा अग्रवाल[1], पंकज वर्मा[2]

[1]नैदानिक चिकित्सक, विभाग प्रमुख, साइको ऑन्कोलॉजी विभाग, राजीव गाँधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आर. जी. सी. आई. आर. सी.)
[2]मनोवैज्ञानिक काउंसलर, साइको ऑन्कोलॉजी विभाग, राजीव गाँधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आर. जी. सी. आई. आर. सी.)

“मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक” हाँ, इन दोनों में अंतर होता है। वैसे तो दोनों का अहम् रोल हैं। दोनों का ही काम इंसानी दिमाग को समझना और उससे जुड़े रोगों या समस्याओं में सुधार या समाधान करना होता है। एक मनोवैज्ञानिक किसी इंसान के तौर तरीकों, व्यवहार, सोचने के तरीकों आदि के अध्ययन की सहायता से उसे इनमें बदलाव के लिए प्रेरित करने और सुझाव देने का काम करता है।

आम लोगों का कहना है की मनोवैज्ञानिक करते क्या हैं? बात ही तो करते हैं। हाँ बात करना भी एक कला है, जो की हर किसी के पास नहीं होती है। मनोवैज्ञानिक कई सालों के अध्ययन के बाद इस कला में महारथ हासिल करता है। वो कला ही हमारी मनोवैज्ञानिक थेरेपी कहलाई जाती है। मनोवैज्ञानिक कलाकृतियों का उल्लेख पौराणिक समय से चला आ रहा है। उसी मनोवैज्ञानिक थेरेपी द्वारा इंसान के सोचने व व्यवहार में बदलाव लाया जाता है और साथ ही दिमाग की जो भी उलझने होती हैं उसको दूर करने में मनोवैज्ञानिक सहायक होता है। `उसी थेरेपी द्वारा ही उपचार करते हैं जो की शारीरिक और मानसिक रोगों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक होती है। वो थेरेपी द्वारा ही इंसानी दिमाग को समझ कर उनके तौर तरीके और व्यवहार में सुधार किया जाता है। इसी प्रकार मनोवैज्ञानिक इंसानी दिमाग का उपचार करते हैं।

मनोचिकित्सक का भी एक अहम् रोल है मनोचिकित्सक भी इंसानी दिमाग का उपचार करते हैं। मगर वो दवाई द्वारा उपचार करते हैं, जिससे उनकी मानसिक रोगों में सुधार आये इसी प्रकार दोनों का अहम् रोल है।

मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक के जीवन में रोज़मर्रा के काम करने का तरीका हो या हमारे सोचने का तरीका सब कुछ हमारी सोच और दिमाग पर निर्भर करता है। हर इंसानी दिमाग अपने आप में अलग होता

© Eureka Journals 2022. All Rights Reserved. International Peer Reviewed Referred Journal

है। उसी प्रकार मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक में अंतर होता है और दोनों का उपचार करने का तरीका भी अलग होता है। यही फर्क है दोनों में।

दुनिया की कोई परेशानी आपके साहस से बड़ी नहीं है.

धन्यवाद।